# RURAL URBAN HEALTH & SKILL EDUCATION ORGANIZATION "(RUHSEO)

# ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन

**आंगनबाडी सुपरवाईजर/आंगनबाडी टीचर/आंगनबाडी वर्कर (कार्यकत्री) और आंगनबाडी साहियका/हैल्पर (आशा सहयोगनी) प्रशिक्षण सत्र में ऑन–लाइन (ON-LINE) आवेदन पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) हेतु निर्देश**

नोटः–ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन (**RUHSEO**)का नोटिफिकेशन 01/02/2026 को जारी हुआ था, जिसकी ऑन–लाइन आवेदन पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करने की अंतिम तिथि 31/03/2026 थी। उक्त के संदर्भ में सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ऑन–लाइन आवेदन पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30/04/2026 किया जा रहा है, जिन अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन शुल्क भुगतान कर दिया है वे सभी अभ्यर्थी भी अपना रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि से पहले पूर्ण कर लें।

**संपूर्ण विवरण/ऑन-लाइन रजिस्ट्रेशन के लिये वेबसाइट http://www.ruhseo.com पर लॉगआन करें।**

01. ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन (**RUHSEO**) नीचें दिये गए आंगनबाडी पाठयक्रमों में प्रशिक्षणों हेतु भारत के सभी महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी दिनांक 01/02/2026 से दिनांक 30/04/2026 तक **वेबसाइट https://ruhseo.com** पर ऑन लाइन पंजीकरण कर सकते हैं। ऑन लाइन आवेदन के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किये गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

02. ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन, सारणी में दिये गये ऑन लाइन पाठयक्रमों/ प्रशिक्षणों में रजिस्ट्रेशन करने हेतु भारतीय महिला नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। यह प्रशिक्षण केवल महिला अभ्यर्थियों के लिये हैं। अभ्यर्थियों को यह प्रशिक्षण ऑनलाइन प्रणाली द्वारा दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण के लिये ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन (**RUHSEO**) की ऑफिशियल **वेबसाइट https://ruhseo.com** द्वारा रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण कर सकते हैं।

➤ प्रशिक्षण का नाम/प्रशिक्षण अवधि/शैक्षिक योग्यता व अन्य विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र.सं. | प्रशिक्षण का नाम | प्रशिक्षण अवधि | योग्यता | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 01. | आंगनबाड़ी सुपरवाइजर | 03 माह | स्नातक | 18–37 वर्ष |
| 02. | आंगनबाड़ी टीचर | 03 माह | 12वीं पास | 17–35 वर्ष |
| 03. | आंगनबाड़ी वर्कर(कार्यकत्री) | 03 माह | 10वीं पास | 17–35 वर्ष |
| 04. | आंगनबाड़ी साहियका/हैल्पर (आशा सहयोगनी) | 03 माह | 10वीं पास | 17–35 वर्ष |

## शैक्षिक योग्यता

**आंगनबाड़ी सुपरवाइजर हेतु** :– ऐसी महिला अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगी, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से स्नातक अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

**आंगनबाड़ी टीचर हेतु**:– ऐसी महिला अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगी, जिन्होंने मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से इंटरमीडिएट (12वीं) अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

**आंगनबाड़ी वर्कर(कार्यकत्री)/आंगनबाड़ी साहियका/हैल्पर (आशा सहयोगनी) हेतु**:–
ऐसी महिला अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगी, जिन्होंने मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से हाईस्कूल (10वीं) अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

## आयु सीमा (आयु की गणना)

अभ्यर्थी की आयु जिस शैक्षिक सत्र हेतु रजिस्ट्रेशन किया जायेगा अर्थात 31.03.2026 को कमशः 18 से 37 वर्ष तथा17 से 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। न्यूनतम आयु सीमा में किसी प्रकार की छूट नही होगी। आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट होगी।

## रजिस्ट्रेशन पंजीकरण आवेदन शुल्क

आंगनबाड़ी प्रशिक्षण प्रवेश प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन शुल्क अजा./अजजा. अभ्यर्थियों के लिये ₹ 300—(तीन सौ रूपये + जी.एस.टी.) तथा सामान्य/ अपिव/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ई0डब्ल्यू0एस0) अभ्यर्थियों के लिये ₹ 400/— (चार सौर रूपये मात्र + जी.एस.टी.) का भुगतान (अभ्यर्थी द्वारा **Net Banking/ATM Card/UPI** के माध्यम से) **website https://ruhseo.com** पर जाकर करना होगा। एक बार जमा किया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा और ना ही इस बारे में किसी पत्राचार/**E-mail** का जवाब दिया जायेगा।

➤ नोटः

01. रजिस्ट्रेशन केवल महिला नागरिक ही करें।
02. ऑनलाइन आवेदन में शैक्षिक योग्यता के अंकों के सही उल्लेख किये जाने की पूर्णतया जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इसमें किसी भी त्रुटि के लिये तकनीकी शिक्षा विकास और श्रमशक्ति भर्ती सेवायें की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अभ्यर्थी के प्रवेश चयन के समय/उपरान्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य प्रपत्रों का सत्यापन तकनीकी शिक्षा विकास और श्रमशक्ति भर्ती सेवायें द्वारा ही किया जायेगा।
03. सभी प्रशिक्षणों के प्रवेश हेतु आवेदक अलग—अलग आवेदन कर सकता है। सभी प्रशिक्षणों में प्रवेश प्रशिक्षण शुल्क अलग—अलग देय होगा।

## प्रवेश प्रक्रिया/प्रशिक्षण

01. अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र मैरिट के आधार पर भेजे जायेंगे। चयनित सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय अपना प्रवेश पत्र साथ लाना होगा और अपने शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र व दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो साक्षात्कार के समय अपने साथ लाने होंगे।
02. यह प्रशिक्षण केवल एक तकनीकी शैक्षिक योग्यता मात्र है, जो ऑनलाइन प्रणाली द्वारा दिया जाएगा। अभ्यर्थी निजी अथवा सरकारी क्षेत्र में नौकरी करने का पात्र हो जाता है। यह प्रशिक्षण पूर्णकालिक है। इस प्रशिक्षण को पूरा करने मात्र से अभ्यर्थी को रोजगार पाने का अधिकार नहीं मिल जाता है।

## सिक्योरिटी फीस जमा करना

01. अभ्यर्थी को प्रवेश के उपरान्त निर्धारित तिथि तक सिक्योरिटी फीस ₹ 1,000/—रूपये ऑनलाइन जमा करनी होगी। अभ्यर्थी द्वारा ट्रान्जेक्शन चार्ज अतिरिक्त देय होगा।
02. सिक्योरिटी फीस जमा करने की रसीद डाउनलोड कर उसका प्रिन्ट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखे।
03. सिक्योरिटी फीस ऑनलाइन न जमा करने की स्थिति में सीट का आवंटन निरस्त माना जायेगा।

## महत्वपूर्ण सूचना

01 अभ्यर्थी दिशा—निर्देशों को भली—भॉति पढ़ लें।
02. आंगनबाड़ी प्रशिक्षण प्रवेश प्रक्रिया हेतु अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन आवेदन करें। किसी भी अन्य माध्यम द्वारा रजिस्ट्रेशन फार्म पर विचार नहीं किया जायेगा।
03. विवरण वेबसाइट **http://ruhseo.com** से डाउनलोड किया जा सकता है।
04. ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण अपने पास रखें।
05. अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु स्वयं का मोबाइल नंबर एवं वैध **E-mail Id** का प्रयोग करें। गलत मोबाइल नंबर या **E-mail ID** होने के कारण अभ्यर्थी को यदि कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है तो इसके लिये ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन (**RUHSEO**) जिम्मेदार नहीं होगा।
06. डिमांड ड्राफ्ट/चैक/**IPO/Cash** इत्यादि द्वारा भेजा गया आवेदन शुल्क अमान्य है। ऐसे आवेदनों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।
07. प्रवेश संबंधी महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी हेतु समय—समय पर ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन (**RUHSEO**) की वेबसाइट **http://ruhseo.com** पर विजिट करें।
08. ऑनलाइन आवेदन निर्धारित तिथि में ही अति शीघ्र करें। अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद रजिस्ट्रेशन फार्म सबमिट करने का कोई तरीका नहीं है।
09. आवेदन पत्र भरने से पहले अभ्यर्थी को पूर्ण रूप सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि वह संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता पूर्ण करती है, अन्यथा एक बार जमा की गई रजिस्ट्रेशन फीस, किसी भी दशा में वापस नहीं होगी तथा निर्धारित अर्हता के अभाव में प्रवेश नहीं मिलेगा।

क्रमशः पृष्ठ सं. 02—05

10. अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन में समस्त आवश्यक सूचना मांगी जायेगी। विवरण के साथ आवेदन पत्र का प्रारूप नमूना प्रति के रूप में उपलब्ध होगा। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन पद्धति द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे।

11. ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप (**Specimen Copy**) नमूना आवेदन हेतु निर्देश तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तकनीकी एवं परिचालन संबंधी निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा अपेक्षित विवरण पूर्ण सावधानी के साथ भरा जाये तथा अभ्यर्थी द्वारा समस्त प्रविष्टियों का भली–भाँति अवलोकन किया जाये। ऑनलाइन आवेदन पत्र सबमिट करने से पूर्व भरी हुई समस्त प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक जांच लिया जाये। अगर किसी प्रकार की त्रुटि ऑनलाइन फार्म में रह गई है तो उसे सहीं (एडिट) करने का विकल्प उपलब्ध होगा। एक बार ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के उपरान्त प्रविष्टियों में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

12. ऑनलाइन आवेदन फार्म में प्रविष्टियां अभ्यर्थियों द्वारा सावधानीपूर्वक भरी जानी चाहिये, क्योंकि यही प्रवेश चयन का आधार है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय भरे गये विवरण का प्रिन्ट आउट/आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखे। ऑनलाइन आवेदन की प्रविष्टियों में सुधार अथवा परिवर्तन के संबंध में किसी प्रकार के फोन/ई–मेल पर विचार नहीं किया जायेगा।

13. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में जो भी सूचनाएं अंकित की जायेंगी, जैसे श्रेणी का आरक्षण का दावा किया गया होना, उन्हीं का लाभ अभ्यर्थी को दिया जायेगा। आवेदन पत्र में भरी गई सूचना से भिन्न सूचना को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## ऑनलाइन आवेदन की पद्धतिः–
## ऑनलाइन आवेदन कैसे करें (**How to apply online**):–
## अभ्यर्थी दिये गये निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें।

01. आवेदन पत्र भरने से पहले **Candidates Registration/Advertisement** में जाकर नोटिस (**Instruction**) डाउनलोड करके उसे भली–भाँति पढ़ लें।

02. ऑनलाइन फार्म भरने से पहले अभ्यर्थी के पास अपना वैध मोबाइल नंबर एवं ई–मेल आई0डी0 होना आवश्यक है। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को काउंसिलिंग/प्रवेश के पूरा होने तक अपने पास सुरक्षित रखे। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी सूचनाएं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर व ई–मेल आई0डी0 पर ही भेजी जायेंगी।

03. आवेदन पत्र भरने से पहले अभ्यर्थी निम्नलिखित विवरण को अपने पास रखना सुनिश्चित करेः–

- ➤ अपने शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र ।
- ➤ अभ्यर्थी अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो (साइज अधिकतम 50 के0बी0), हस्ताक्षर (साइज अधिकतम 20 के0बी0, **jpg/png/tif** फार्मेट में) स्कैन करके सुरक्षित रख ले।
- ➤ इस नोटिफिकेशन के साथ ऑनलाइन आवेदन करने की नमूना प्रति दी गई है, जिससे अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रक्रिया जल्दी और सही प्रकार से कर सके। यदि अभ्यर्थी से आवेदन करते समय कोई त्रुटि हुई है तो अभ्यर्थी को समय–समय पर आवेदन में एडिट करने का ऑप्शन दिया गया है, जिसका इस्तेमाल कर वह अपना आवेदन सही कर सकता है। एक बार सबमिशन (**Submit**) के पश्चात किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा।
- ➤ ऐसे अभ्यर्थी जो शैक्षिक अर्हता पूरी नहीं करते हैं तथा प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होकर चयनित हो जाते हैं, तो भी उन्हें निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अभाव में प्रवेश नहीं दिया जायेगा और ना ही उनके द्वारा जमा किये गये शुल्क की वापसी की जायेगी। अभ्यर्थी की अर्हता पूरी ना होने की दशा में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

## ऑन आवेदन करने की क्रमवार विधि

01. डाउनलोड नोटिफिकेशन **(Download Notification)**
02. एप्लाई ऑनलाइन पर जायें **( Apply Online)**
03. बेसिक इंर्फोमेशन भरना **(Fill Basic Detail)**
04. अपनी केटेगरी के अनुसार शुल्क का भुगतान करना **(Pay application fee according to category)**
05. फोटो/हस्ताक्षर अपलोड करना व अन्य विवरण देना **(Upload Photo & Signature and fill other details )**
06. ऑनलाइन फार्म को सबमिट कर उसका प्रिन्ट आउट प्राप्त करना **(Submit Online application & take print out)**

## डाउनलोड नोटिफिकेशन (Download Notification)

नोटिफिकेशन को डाउनलोड करें और उसका भली–भाँति अध्ययन करें। अभ्यर्थी नोटिफिकेशन/विज्ञापन में निर्धारित अर्हता, आयु सीमा एवं निर्देशों को ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अवश्य अध्ययन करें। अभ्यर्थी निर्धारित शैक्षिक अर्हता एवं आयु सीमा सुनिश्चित होने पर ही आवेदन करें।

कमशः पृष्ठ सं. 03–05

## एप्लाई ऑनलाइन पर जायें (Go Apply Online)

⇩

## बेसिक डिटेल भरना (Fill Basic Detail)

- ऑनलाइन आवेदन करने हेतु वेबसाइट **https://ruhseo.com** पर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें। यह ऑप्शन केडिडेटस रजिस्ट्रेशन और एडवरटाइजमेंट पर भी मिलेगा।
- सर्व प्रथम रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें। इसके बाद अगले पेज पर अपने राज्य और जिला/शहर को सलेक्ट कर डिक्लेरेशन को पढ़कर ✓ टिक करें और **Enter captcha** भरें, उसके उपरान्त सबमिट बटन पर क्लिक करें।
- सबमिट बटन पर क्लिक करने के बाद नया पेज ओपन होगा, उसमें अपनी बेसिक डिटेल को ध्यानपूर्वक भरें और सबमिट एंड प्रीव्यू बटन पर क्लिक करें। इस पेज पर अपने भरे हुये विवरण को ध्यानपूर्वक चैक कर लें। यदि कोई परिवर्तन करना चाहते हैं तो एडिट (**Edit**) बटन पर क्लिक करें। यदि सभी विवरण सही हैं तो **Click Hare Proceed to Payment of Fee** बटन पर क्लिक करें।
- **Click Hare Proceed to Payment of Fee** बटन पर क्लिक करने के पश्चात अगला पेज पेमेंट (**Payment**) का लिंक ओपन होगा।

## अपनी केटेगरी के अनुसार शुल्क का भुगतान करना (Pay application fee according category)

- नेक्स्ट पेज पर केटेगरी अनुसार रजिस्ट्रेशन शुल्क का विवरण लिंक पर क्लिक करें।
- रजिस्ट्रेशन शुल्क अजा./अजजा. अभ्यर्थियों के लिये ₹ 300/–रूपये (तीन सौ रूपये + जी.एस.टी.) तथा सामान्य/अपिव/ ई0डब्ल्यू0एस0 अभ्यर्थियों के लिये ₹ 400/– रूपये (चार सौर रूपये मा़त्र + जी.एस.टी.) का भुगतान अभ्यर्थी पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकते हैं, जिसमें डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग/यू0पी0आई0 की सेवायें उपलब्ध रहेंगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी एक माध्यम से अपना शुल्क भुगतान कर सकता है।
- अभ्यर्थी जिस समय शुल्क भुगतान करें, उस वक्त अपने सिस्टम/लेपटॉप/मोबाइल या अन्य किसी भी उपकरण को बन्द ना करें। शुल्क भुगतान का प्रोसेस पूरा होने में जो समय लग रहा है, उसे लगने दें, भुगतान होने के बाद रीडायरेक्ट होकर आप नेक्स्ट पेज पर स्वतः ही पहुंच जायेंगे।
- शुल्क भुगतान होने के पश्चात किसी कारणवश अभ्यर्थी का शुल्क का भुगतान प्रदर्शित नहीं होता है और उसके अकाउंट से पैसे कट जाते हैं तो वह ई–मेल **info@ ruhseo.com** या दूरभाष संख्या–88261 00207 (सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से 4:00 बजे के मध्य) पर सम्पर्क कर शुल्क एक्टीवेट करा सकता है, जिसमें उसे लगभग दो दिन तक का समय देना होगा।

## फोटो/हस्ताक्षर अपलोड करना व अन्य विवरण देना (Upload Photo & Signature and fill other details)

- अभ्यर्थी अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो (साइज अधिकतम 50के0बी0), हस्ताक्षर (साइज अधिकतम 20 के0बी0, **jpg/png/tif** फार्मेट में) स्कैन करके अपलोड करें। अभ्यर्थी ध्यान दें कि फोटोग्राफ का साईज 50 के0बी0 व हस्ताक्षर का साइज 20 के0बी0 से अधिक ना हो।
- अभ्यर्थी का फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने में भूलवश कोई त्रुटि रह जाती है तो वह अपना फोटो व हस्ताक्षर को दोबारा रिफ्रेश /री लोड (**Refresh/ Reload**)बटन पर क्लिक कर दोबारा अपलोड कर सकता है।
- अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि उसने अपने फोटोग्राफ व हस्ताक्षर सही प्रकार से अपलोड कर दिये हैं। यदि उसके फोटोग्राफ व हस्ताक्षर स्क्रीन पर प्रदर्शित होते हैं तो वह कंटीन्यू (**Continue**)बटन पर क्लिक कर अपना अन्य विवरण भरे।
- अभ्यर्थी को कन्टीन्यू (**Continue**) बटन पर क्लिक करने के पश्चात फोटोग्राफ व हस्ताक्षर को एडिट करने का ऑप्शन नहीं मिलेगा।
- अभ्यर्थी अपना अतिरिक्त शैक्षिक विवरण (यदि हो तो) दे, अन्यथा **Candidates Adress Details** में जाकर अपना पूरा स्थाई पता व पत्राचार का पता पता भरे। स्थायी पता भरने के बाद अभ्यर्थी अपना पूर्ण आवेदन/रजिस्ट्रेशन प्रीव्यू ऑप्शन पर चैक कर सकता है। प्रीव्यू ऑप्शन में अगर अभ्यथी से कोई भी त्रुटि रह जाती है, तो वह एडिट बटन पर जाकर सही कर सबमिट बटन पर क्लिक कर अपना रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरा कर सकता है।

## ऑनलाइन फार्म को सबमिट कर उसका प्रिन्ट आउट प्राप्त करना (Submit Online application & take print out)

- सबमिट बटन पर क्लिक करने के बाद अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं कर सकेगा और रजिस्ट्रेशन को पूरा होना माना जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थी को अपने रजिस्ट्रेशन का प्रिन्ट आउट ले लेना चाहिये।

➤ अभ्यर्थी को आवेदन करते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिये और अगर उससे किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो जाती है तो उसके लिये हर स्टेप पर एडिट करने का ऑप्शन दिया गया है। उसके उपरान्त भी सबमिट करने के बाद अभ्यर्थी से किसी प्रकार की त्रुटि रह जाती है तो उसके लिये अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा और उसके किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा।

## सामान्य निर्देश

01. केवल भारतीय महिला नागरिक ही आवेदन करें।
02. ऑनलाइन फार्म केवल अंग्रेजी भाषा में ही भरा जाना चाहिये।
03. अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के पूरा होने तक अपना निजी ई—मेल आई.डी. तथा मोबाइल नंबर सक्रिय रखना चाहिये। एक बार रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाने के बाद अपनी ई—मेल आई.डी. तथा मोबाइल नंबर में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन ना करें। अभ्यर्थी को प्रवेश आदि की सूचना उसकी पंजीकृत ई—मेल एवं उसके मोबाइल के माध्यम से भेजी जायेगी।
04. अभ्यर्थी के पाठयक्रम / प्रशिक्षण में प्रवेश के समय **CGPA** प्रणाली के तहत ग्रेड प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन के समय विश्वविद्यालय / संस्था द्वारा जारी प्रमाण जिसमें **CGPA** ग्रेड को समुचित प्रतिशतता में परिवर्तित किया गया हो, को प्रवेश के समय साथ लाना होगा।
05. असत्य / भ्रामक / गुमराह करने वाली सूचनाओं वाले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के विषय में पता लगते ही अभ्यर्थी को प्रवेश प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा एवं प्रवेश पाने के उपरान्त यदि इस संबंध में किसी भी समय यह पता लगता है कि अभ्यर्थी ने किसी अर्हता को पूरा नहीं किया है या कोई तथ्य छिपाया / असत्य है, तो अभ्यर्थी को प्रवेश से वंचित कर दिया जाएगा।
06. प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु किसी भी अभ्यर्थी को कोई यात्रा भत्ता व अन्य किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।
07. प्रवेश प्रक्रिया के दौरान एवं प्रवेश चयन होने पश्चात यदि कोई ऐसी कोई समस्या आती है, जिसके निदान के संबंध में कोई व्यवस्था नहीं है तो इस संबंध में ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन (**RUHSEO**) का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।
08. अभ्यर्थी को उसके द्वारा दी गई सूचनाओं के आधार पर प्रवेश हेतु पात्र पाये जाने पर संस्थान की वेबसाइट **http://www.ruhseo.com** द्वारा प्रवेश / एडमिट कार्ड भेजे जायेंगे।
09. किये जाने वाले किसी भी पत्राचार में आवेदित पाठयक्रम / प्रशिक्षण का नाम, रजिस्ट्रेशन नं., पिता / पति के नाम का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिये।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01. | ऑन—लाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन / शुल्क जमा करने की प्रारंभिक तिथि | 01 / 02 / 2026 |
| 02. | ऑन—लाइन फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड करने की प्रारंभिक तिथि | 29 / 04 / 2026 |
| 03. | ऑन—लाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन / शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 30 / 04 / 2026 |
| 04. | ऑन—लाइन फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड / आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि | 30 / 04 / 2026 |

## सहायता केन्द्रः (Helpdesk)

किसी भी प्रकार की सहायता के लिये अभ्यर्थी मोबाईल नंबर — 88261 00207 **(सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से 5:00 बजे के मध्य)** द्वारा अथवा ई—मेल आईडी **info@ruhseo.com** पर अपनी समस्या को हल करा सकते हैं।

ग्रामीण शहरी स्वास्थ्य एंव कौशल शिक्षा संगठन (**RUHSEO**)

**शर्तें लागू**

# ऑन-लाइन (ONLINE) आवेदन करने हेतु नमूना फार्म :-(SPECIMEN COPY OF ONLINE APPLICATION FORM)

## आंगनबाडी प्रशिक्षण प्रवेश प्रक्रिया -2026

| COUNTRY | INDIA | STATE | | DISTRICT/CITY | |
|---|---|---|---|---|---|

Applied for ✓ (प्रशिक्षण का नाम) **BASIC DETAIL**

☐ आंगनबाड़ी सुपरवाईजर ☐ आंगनबाड़ी टीचर ☐ आंगनबाड़ी वर्कर कार्यकत्री ☐ आंगनबाड़ी सायिका/हैल्पर(आशा सहयोगिनी)

1. उम्मीदवार का नाम ( Candidate Name ) BLOCK LETTERS

( Do not enter Mr./Mrs./Km./Dr./Er. etc. in Prefix of your Name )

2. पिता/पति का नाम (Father's /Husband's Name)

( Do not enter Mr./Mrs./Km./Dr./Er. etc. in Prefix of your your Father's/Husband's Name )

3. माता का नाम (Mother's Name)

( Do not enter Mr./Mrs./Km./Dr./Er. etc. in Prefix of your Name )

पासपोर्ट साइज का रंगीन फोटो चिपकायें।
**Paste affix your recent passport size coloured photograph**

4. श्रेणी (Category) उम्मीदवार जिस श्रेणी का हो ( श्रेणी को चुनें) ✓ करें।
सामान्य (General) ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) ☐ अजजा (EWS) ☐ अजा (SC) ☐ अजजा (ST) ☐ ✓ करें।

5. लिंग (Gender) :- पुरूष (Male) ☐ महिला (Female) ☐ अन्य (Other) ☐ ✓ करें।

6. जन्म तिथि (Date of Birth) :- दिन (Day)________ माह (Month)________ वर्ष (Years)________.

7. क्या आप शादीशुदा है? (Are You Married?) : हॉं (Yes) ☐ नहीं (No) ☐ 8. क्या आप के पास पासपोर्ट है? (Do you Have Passport?) : हॉं (Yes) ☐ नहीं (No) ☐

9. मोबाइल नं. (Mobile No.) ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ 10. मोबाइल नं. (Alternate Mob No.) ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

11. ई मेल आईडी (E mail ID)________

12. **ACADEMIC DETAILS**

| Sr. No. | Qualification | Institute / University / Board Name | Year of Passing | Roll Number | Is Grade System | Obtained Mark/CGPA | Total Marks | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | High School | | | | | | | |
| 2. | Intermediate | | | | | | | |
| 3. | Graduation | | | | | | | |
| 4. | Others | | | | | | | |

13. शुल्क (Fee) :-

➲ शुल्क भुगतान सामान्य/ अपिव/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के अभ्यर्थियों के लिये ₹ 400/- मात्र अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु ₹ 300/- मात्र

➲ ऑनलाइन शुल्क पेमेंट गेटवे के लिंक के माध्यम से ऑनलाइन **(Net Banking/Debit Card/UPI)** शुल्क जमा कर सकते हैं।

14.

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थायी पता/Permanent Address | गांव/नगर/Village/Town | | |
| डाकखाना/Post Office | | तहसील/Tehsil | |
| पुलिस स्टेशन/Police Station | | जिला/District | |
| राज्य/State | | पिन/Pin | |
| वर्तमान पता/Present Address | गांव/नगर/Village/Town | | |
| डाकखाना/Post Office | | तहसील/Tehsil | |
| पुलिस स्टेशन/Police Station | | जिला/District | |
| राज्य/State | | पिन/Pin | |

SPECIMEN COPY

**General Declaration-** I hereby declare that I fulfil all the educational/ other eligibility criteria prescribed for the Course/Training being applied for, as on the last date of application. I am aware that in case any of the information submitted by me is found to be incorrect or false, then my candidature shall be liable to be Rejected by the RUHSEO.

I hereby declare that all the entries/ statements made in this application are true, complete and correct to the best of my knowledge and belief. I have read all term & condition. In the event of any information being found false or incorrect or ineligibility being detect before or after Admission, the Institute can take action against me as per rule. In case it is detected that I have misled RUHSEO on any issue then I will solely responsible for all penal consequences thereof.

स्थान/Place :- ..................................

दिनांक/Date :- .................................. अभ्यर्थी के हस्ताक्षर/Signature of the Applicant

**ऑनलाइन(Online)आवेदन करने के लिये वेबसाइट http://www.ruhseo.com पर लॉगऑन करें।**